दिन– गुरुवार दिनांक– 23 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने ग्यारह ग्रीनफील्ड सेटेलाईट शहरों के विकास के लिए संबंधित क्षेत्रों में जमीन की खरीद–बिक्री, हस्तानांतरण और नये निर्माण पर रोक लगायी।

02. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण बक्सर, सीतामढ़ी, सहरसा, किशनगंज और सारण समेत प्रदेश के तीस जिलों में नये आधार सेवा केंद्र खोलेगा।

03. केन्द्र सरकार ने मनरेगा श्रमिकों की बकाया मजदूरी के भुगतान के लिए एक हजार छह सौ उनहत्तर करोड़ रूपये की राशि जारी की।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप। मौसम विभाग ने आज पटना, गया, जहानाबाद, नालंदा, भागलपुर, जमुई और वैशाली समेत इक्कीस जिलों में लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया।

---

राज्य सरकार ने ग्यारह ग्रीनफील्ड सेटेलाईट शहरों के विकास के लिए संबंधित क्षेत्रों में जमीन की खरीद–बिक्री, हस्तानांतरण और नये निर्माण पर रोक लगा दी है।। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने बताया कि ये नई टाउनशिप आठ सौ से बारह सौ एकड़ क्षेत्र में विस्तारित होगी। फैसले की विस्तृत जानकारी देते हुये नगर विकास और आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने बताया कि इन क्षेत्रों में भूमि के क्रय–विक्रय, हस्तांतरण और नए निर्माण पर पाबंदी तब तक प्रभावी रहेगी, जब तक इन क्षेत्रों का मास्टर प्लान तैयार नहीं हो जाता है।

–––साउंड बाईट–––

अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि सोनपुर के बाबा हरिहरनाथ मंदिर को वाराणसी के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने के लिए कैबिनेट ने छह सौ अस्सी करोड़ मंजूर किए हैं।

–––साउंड बाईट–––

एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने नागरिकों की सुविधा के लिए **सहयोग** नाम से एकीकृत हेल्पलाईन नम्बर शुरू करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। नागरिक इस

हेल्पलाईन पर ही हर तरह की शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। कैबिनेट ने कुल बाईस प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।

———————————————————————

प्रदेश के तीस जिलों में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के नये आधार सेवा केंद्र खुलेंगे। इससे लोग अपने जिला मुख्यालयों में आधार अपडेट या सुधार करा सकेंगे। आधार सेवा केन्द्र पटना के प्रबंधक प्रकाश कुमार ने बताया कि बक्सर, सुपौल, सीतामढ़ी, कैमूर, सहरसा, मधेपुरा और गया जिले में डेढ़ महीने के अन्दर आधार सेवा केन्द्र खोल दिया जायेगा। वहीं, दरभंगा, सीवान, औरंगाबाद, बांका, किशनगंज, मुंगेर, नवादा, समस्तीपुर, सारण और पूर्वी चंपारण समेत तेईस जिलों में तीन से चार महीने में आधार सेवा केन्द्र काम करने लगेंगे।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने राज्य के बीस लाख से अधिक मनरेगा श्रमिकों की बकाया मजदूरी के भुगतान के लिए एक हजार छह सौ उनहत्तर करोड़ रूपये की राशि जारी कर दी है। इससे मनरेगा श्रमिकों का तीन महीने से अधिक के बकाया मजदूरी का भुगतान हो सकेगा।

———————————————————————

राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभुकों को मार्च महीने की पेंशन राशि का भुगतान कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छियासी लाख चौहत्तर हजार से अधिक लाभुकों के बैंक खाते में ग्यारह सौ करोड़ रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गयी है।

———————————————————————

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव द्वारा महिलाओं को लेकर दिये गये आपत्तिजनक बयान पर राजनीतिक दलों ने कड़ी आपत्ति जतायी है। भाजपा नेता और पूर्व मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है कि पप्पू यादव को अपने बयान के लिए महिलाओं से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

———साउंड बाईट———

भाजपा विधायक मैथिली ठाकुर ने कहा कि पप्पू यादव का बयान यह दर्शाता है कि उनका महिलाओं के प्रति क्या नजरिया है।

———————————————————————

तमिलनाडु की सभी दो सौ चौंतीस विधानसभा सीटों और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए एक सौ बावन सीटों पर मतदान शुरू हो गया है। दोनों राज्यों में मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। इधर, पश्चिम बंगाल से सटे

बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। कटिहार के पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने बताया कि जिले में ग्यारह सीमावर्ती इलाकों में चेक पोस्ट बनाकर सघन जांच की जा रही है तथा किसी भी प्रकार के वाहन तथा आने जाने वाले व्यक्ति की तलाशी ली जा रही है।

———————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने आज पटना, गया, जहानाबाद, नालंदा, भागलपुर, जमुई और वैशाली समेत इक्कीस जिलों में लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिन के दौरान प्रदेश के कई स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की सम्भावना है।

———साउंड बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौवालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर का डुमरांव प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। इस दौरान डेहरी का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव चार, गयाजी का बयालीस दशमलव दो, शेखपुरा का बयालीस और पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक या इसके आस–पास रिकॉर्ड किया गया। वहीं, इस अवधि में मोतिहारी, बक्सर और शेखपुरा में लू की स्थिति देखी गयी।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि अत्यंत पिछड़ा वर्ग–ईबीसी के लिए आरक्षित सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग–ओबीसी का उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ सकता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि दांगी और कुशवाहा दो अलग–अलग जातियां हैं। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति शैलेन्द्र सिंह की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई करते हुये कहा कि कुशवाहा ओबीसी में आता है जबकि दांगी ईबीसी में शामिल है।

———————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज अठारह सौ सत्तावन के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह को उनके विजयोत्सव पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। बाबू वीर कुंवर सिंह के जगदीशपुर किला और आरा के वीर कुंवर सिंह पार्क में इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पटना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई गणमान्य लोग शामिल होंगे।

———————————————————————

वीरायतन की संस्थापिका और प्रथम महिला जैन आचार्य चंदनाश्री जी का कल पुणे में निधन हो गया। वे नब्बे वर्ष की थीं। पद्मश्री से सम्मानित आचार्य चंदनाश्री का कर्म क्षेत्र बिहार भी रहा है। यहां उनकी संस्था के कई शिक्षण संस्थान और स्वास्थ्य संस्थान काम कर रहे हैं।

———————————————————————

भागलपुर जिले में अनियोजित शहरीकरण को नियंत्रित करने और सुव्यवस्थित शहरी विकास के लिए विश्व बैंक ऋण मुहैया करायेगा। इसके लिए विश्व बैंक की चार सदस्यीय टीम ने कल भागलपुर का दौरा किया।

———————————————————————

भागलपुर जिले के कदवा थाना क्षेत्र के खैरपुर गांव में शौचालय की टंकी का शटरिंग खोलने के क्रम में दम घुटने से तीन लोगों की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुये मृतकों के निकटतम परिजन को दो–दो लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने मधुबनी जिले के बेनीपट्टी में पदस्थापित अंचल लिपिक साकेत कुमार सिंह और बिचौलिया परमानंद झा को दस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दोनों अतिक्रमण हटाने के नाम पर शिकायतकर्ता से घूस ले रहे थे।

———————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के रक्सौल में पुलिस और एसएसबी की टीम ने छापेमारी के एक अवैध मनी एक्सचेंज गिरोह का पर्दाफाश किया है। मौके से पैंतालीस लाख रूपये से अधिक की भारतीय और नेपाली करेंसी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, जिला पुलिस ने अंतर जिला लूटेरा गिरोह का खुलासा करते हुये एक बर्खास्त सिपाही समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड के उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय, रामूडीह में प्रतिबंधित मांस रखने के आरोप में प्रभारी प्रधानाध्यापक समेत पांच शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————

मुंगेर पुलिस और जिला आसूचना इकाई की संयुक्त टीम ने एनएच–अस्सी पर हथियारों की खरीद–फरोख्त करने के मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

इनके पास से पन्द्रह देसी पिस्टल, तीस मैगजीन समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

————————————————————————

मधुबनी की एक अदालत ने सत्रह साल पुराने बहुचर्चित उदगार मंडल हत्याकांड में दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने इन दोनों पर पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये का आर्थिक दंड भी लगाया है।

————————————————————————

सुपौल जिले के गोपालपुर सिरे पंचायत में कोसी नदी में नहाने के दौरान डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गयी। एक लापता बच्ची की तलाश जारी है।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने सम्राट मंत्रिमंडल की पहली बैठक से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान लिखता है– राज्य के ग्यारह टाउनशिप क्षेत्र में भूमि खरीद–बिक्री पर रोक। पटना, सोनपुर, गया जी समेत ग्यारह शहरों के पास बसेंगे आधुनिक शहर।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है– मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पहली कैबिनेट बैठक में बाईस एजेंडे पर लगी मोहर, पचहत्तर आईटीआई बनेंगे आधुनिक कौशल केंद्र।

प्रभात खबर की सुर्खी है– अप्रैल में ही मई जैसी तपिश तेईस जिलों में लू का रेड अलर्ट।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– पहली बार ऐसा चुनाव, बंगाल में दो लाख चालीस हजार जवानों की तैनाती। वोटरों की दो बार जांच।

राष्ट्रीय सागर के शब्द है– प्रधानमंत्री मोदी को आतंकी कहने पर खड़गे को चुनाव आयोग का नोटिस।

आज अखबार किस लिखता है– सुपौल सोनपुर में डूबने से आठ की मौत।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. राज्य सरकार ने ग्यारह ग्रीनफील्ड सेटेलाईट शहरों के विकास के लिए संबंधित क्षेत्रों में जमीन की खरीद–बिक्री, हस्तानांतरण और नये निर्माण पर रोक लगायी।

02. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण बक्सर, सीतामढ़ी, सहरसा, किशनगंज और सारण समेत प्रदेश के तीस जिलों में नये आधार सेवा केंद्र खोलेगा।

03. केन्द्र सरकार ने मनरेगा श्रमिकों की बकाया मजदूरी के भुगतान के लिए एक हजार छह सौ उनहत्तर करोड़ रूपये की राशि जारी की।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप। मौसम विभाग ने आज पटना, गया, जहानाबाद, नालंदा, भागलपुर, जमुई और वैशाली समेत इक्कीस जिलों में लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।